# IQAC कार्यवृत्त

## सत्र-2018-19

आज दिनांक 04.07.2018 को महाविद्यालय IQAC समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमे वर्तमान सत्र 2018-19 की कार्य योजना बनाई गयी,जिसका विवरण निम्नवत है –

1.महविद्यालय में पथरीली जमीन होने के कारण एवं नियमित सिंचाई के अभाव में विगत तीन वर्षों में पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत रोपित पौधों में लगभग ३५ पौधे ही बचे हैं।अतः यह निर्णय लिया गया कि जे सी बी मशीन द्वारा 15 जुलाई तक खुदाई करा कर वृक्षारोपण हेतु गड्ढे बनाये जाए एवं उन गड्ढों में गोबर खाद डाल कर 15 दिन पश्चात 31 जुलाई तक नवीन पौधों का रोपण कर दिया जाए।

2.पौधों की बेहतर देखभाल हेतु प्रत्येक प्राध्यापक को 5 पौधे आबंटित कर दिए जाए।

3.NAAC की प्रक्रियागत कार्यवाही के अंतर्गत पीयर टीम की विजिट माह अगस्त २०१८ के तृतीय सप्ताह में संभावित है।अतः सभी प्रवक्ताओं एवं महत्वपूर्ण समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें SSR एवं पीयर टीम की विजिट का संभावित शेड्यूल की प्रतियाँ उपलब्ध करा कर सभी सुसंगत अभिलेखों के साथ बेहतर प्रस्तुतीकरण हेतु तैयारी प्रत्येक दशा में 10 अगस्त २०१८ तक पूर्ण कर ली जाए।

4.पीयर टीम की विजिट से प्राप्त अनुभवों एवं सुझावों के क्रम में विजिट के पश्चात IQAC समिति की बैठक आहूत कर सत्र 2018-19 हेतु पुनरीक्षित कार्य योजना बनाई जाए।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

## सत्र (2018-19)

IQAC समिति की द्वितीय बैठक दिनांक 04.09.2018 को अपरान्ह 03 बजे IQAC कक्ष में आयोजित की गई जिसमे सर्वप्रथम 2017-18 की IQAC कार्यवृत के 10 बिन्दुओ की क्रमवार क्रियान्वन की समीक्षा करते हुए बिन्दुवार समीक्षा बनाई गई जो निम्नवत है-

1- सत्र 2017-18 में निर्धारित समय में IIQA एवं SSR स्वीकार किया गया।
2- विभागीय पुस्तकालय की स्थापना करते हुए छात्र-छात्राओं को सीधे सम्बंधित विषय के प्राध्यापकों के द्वारा पुस्तकें उपलब्ध करायी गई।
3- रंगोली, मेंहदी , एकल अभिनय , लघुनाटिका आदि प्रतियोगिताओं को समाहित करते हुए युवा महोत्सव का आयोजन किया गया।
4- वार्षिक क्रीडा समारोह के अतरिक्त इनडोर और आउटडोर प्रतियोगिताये (बैडमिन्टन,शतरंज,खो-खो,कबड्डी,क्रिकेट,कैरम) संपन्न कराई गई।
5- ई.लाइब्रेरी को इग्नू, एन.सी.ई.आर.टी एवं डेलनेट इत्यादि के द्वारा और अधिक समृद्ध किया गया।
6- महाविद्यालय में 60% प्रकाश व्यवस्था एल.ई.डी. द्वारा सुनिश्चित की गई।
7- इको गर्ल्स को महाविद्यालय परिसर में वृक्षों की देखभाल एवं परिसर के अन्दर भूतल तथा प्रथम तल एवं परिसर के बाहर स्वच्छता बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई।
8- इको गर्ल्स एवं समय-समय स्वच्छता अभियान के द्वारा परिसर को यथासंभव पालीथीन मुक्त करने का कार्यक्रम चलाया गया।
9- गर्ल्स कॉमन रूम के बाहर CCTV कैमरा लगाया गया।
10- महाविद्यालय के कुछ प्राध्यापकों का API प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। यू.जी.सी. नोटिफाईड जनरल में कुछ प्रवक्ताओ के ही लेख छपे है।अतः उक्त के दृष्टिगत प्रोत्साहित किया जाएगा।

Pallavi Singh

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

Scanned by CamScanner

तत्पश्चात नैक पियर टीम द्वारा दिनांक 20-21 अगस्त 2018 को महाविद्यालय निरीक्षण के अनुक्रम में दिए गए सुझावो एवं प्राप्त अनुभवों के आधार पर सत्र 2018-19 हेतु IQAC कर्यवृत्त बनाई गई जिसका बिन्दुवार विवरण निम्न है –

1- माह जुलाई 2018 में रोपित नवीन पौधों एवं पूर्वरोपित पौधों में से प्रतेयक प्राध्यापक को 10 पौधे इस आशय से आवंटित कर दिए जाए कि बी.ए प्रथम वर्ष के ऐसे छात्र-छात्राओं जिनकी अभिरुचि एवं पर्यावरण के सम्बन्ध में उत्तरदायित्व बोध परिलक्षित होता है, उन्हें एक-एक पौधे नाम सहित पौधों का क्रमांक निर्धारित करते हुए आवंटित कर दिया जाए ।. 06 पौधों का उत्तरदायित्व श्री पुष्पेन्द्र सिंह (परिचर) पर रहेगा ।

2- छात्र- छात्राओं हेतु पुस्तको की उपादेयता एवं बढ़ती मांग के दृष्टिगत पूर्व सत्र 2017-18 में प्रत्येक प्राध्यापक को आवंटित 50 पुस्तकों के स्थान पर 100 पुस्तकों का आवंटन सुनिश्चित किया जाए ।

3- शैक्षणिक सत्र 2018-19 हेतु सिर्धरित टीचिंग प्लान का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लगभग 50% भाग का यूनिट टेस्ट अक्टूबर 2018 के अंतिम सप्ताह एवं शेष 50% भाग का यूनिट टेस्ट फरवरी 2019 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाय साथ ही साथ विश्वविद्यालयी परीक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के आधार पर फरवरी 2019 के अंतिम सप्ताह में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का टेस्ट आयोजित किया जाये ।

4- पुस्तकालय में और अधिक छात्र छात्राओं के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये

5- सभी संकायों में अनिवार्य विषय 'पर्यावरण अध्ययन, कुल 08 यूनिट में विभाजित है, उक्त के दृष्टिगत यह प्रस्तावित किया जाता है कि समस्त प्राध्याप्को को पाठ्यक्रम सामान रूप से आवंटित करते हुए उन्हें निर्देशित कर दिया जाये कि उक्त आवंटित पाठ्यक्रम की पाठ्यसामग्री PPT लेक्चर के रूप में विधिवत तैयार कर ले जिससे इसका उपयोग वर्षानुवर्ष किया जा सके ।

6- छात्र – छात्रा कॉमन रूम में पेपर रीडिंग स्टैंड की व्यवस्था की जाये ।

7- पुस्तकालय में उच्च कोटि की सन्दर्भ पुस्तकों एवं छात्रोपयोगी पुस्तको की संख्या बढ़ाने हेतु आवश्यक प्रक्रियागत कार्यवाही शुरू के जाये ।

8- विगत सत्र 2017-18 में 45% प्राध्यापको ने ही ICT के अंतर्गत PPT के माध्यम से व्याख्यान दिए थे अतः यह प्रस्तावित किया जाता है कि समस्त प्राध्यापक अपने पाठ्यक्रम के समस्त प्रश्नपत्रो का कम से कम एक PPT लेक्चर तैयार कर ले । इससे जहाँ एक ओर प्राध्यापको को सम्बंधित टॉपिक पर वर्शानुकर्ष व्याख्यान देने में सरलता होगी वही दूसरी ओर छात्रो को सम्बंधित टोपिक को समझने में अभिरुचि बढ़ेगी ।

9- महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक अपने विषय से सम्बंधित UGC नोटीफाइड जर्नल में अपने लेखो का प्रकाशन सुनिश्चित करेंगे ।

10- महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के प्राधयापको से यह अपेक्षा की जाती है कि शैक्षणिक भ्रमण, विज्ञान प्रदर्शनी आदि के माध्यम से पाठ्यक्रम के सैद्धांतिक पहलुओं को समाजोन्मुख बनाते हुए व्यवहारिक पक्षों पर छात्र- छात्राओं में जागरूकता में अभिवृद्धि एवं समझ विकसित करेंगे ।

11- मात्रा एवं कुशलता को सुनिश्चित करते हुए एसाइनमेंट एवं प्रोजेक्ट वर्क के अंतर्गत मानवाधिकार एवं पर्यावरण से सम्बंधित टॉपिक सम्मलित किये जाए तथा उक्त से सम्बंधित पाठ्य सामग्री किताबो, पत्रिकाओं एवं ई-सामग्री आदि के माध्यम से छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराया जाये ।'

12- मैगजीन (महाविद्यालय पत्रिका ) के लिए छात्र –छात्राओं द्वारा दिए गए लेखो का स्तर और संख्या पर बल दिया जाना आवश्यक है । उक्त के सन्दर्भ में प्रक्रियागत कार्यवाही एवं लेखो की गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाए ।

13- पौधों की सिचाई हेतु पुरानी मोटर (समर सेबल) को ठीक करा ली जाये ताकि पौधों की देखभाल बेहतर और सुविधाजनक तरीके से हो सके ।

Pallavi Singh

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

Scanned by CamScanner

# क्रियात्मक विवरण 2018-19

IQAC समिति की तृतीय बैठक दिनांक 20.05.2019 को आयोजित की गई जिसमे 20-21 अगस्त 2018 को नैक पियर टीम के निरिक्षण के अनुक्रम में IQAC समिति की दिनांक 04.09.2018 को आभूत द्वितीय बैठक में सत्र 2018-19 हेतु बनायीं गई IQAC कर्यवृति की बिन्दुवार समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है-

1- माह जुलाई 2018 में रोपित नवीन पौधों एवं पूर्व रोपित पौधों में से लगभग 50% पौधे जीवित है जिसमे प्राध्यापको एवं छात्र –छात्राओं का योगदान रहा है । साथ ही साथ ग्रीष्मावकाश में पौधों के देखभाल हेतु चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।
2- विभागीय पुस्तकालय के तहत सभी प्राध्यापको ने 100 पुस्तकों का आवंटन सुनिश्चित किया गया । ध्यातव्य है कि वाणिज्य एवं भौतिक विज्ञानं में छात्र –छात्राओं की संख्या कम होने के कारण आवश्यक पुस्तके ही आवंटित की गई
3- यूनिट टेस्ट का आयोजन कुल प्राध्यापको द्वारा ही किया गया ।
4- पुस्तकालय में उपलब्ध स्थान का अधितकम प्रयोग करते हुए और अधिक छात्र –छात्राओं के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई ।
5- पर्यावरण अध्ययन एवं मानवाधिकार से सम्बंधित PPT लेक्चर विभिन्न प्राध्यापको द्वारा तैयार किया गया ।
6- छात्र –छात्रा कॉमन रूम में पेपर रीडिंग स्टैंड की व्यवस्था नहीं हो पाई ।
7- पुस्तकालय के उन्नयन हेतु आवश्यक प्रक्रियागत कार्यवाही शिथिल रही ।
8- महाविद्यालय के 70% प्राध्यापको ने PPT के माध्यम से अध्यापन कार्य किया ।
9- महाविद्यालय के कुछ प्राध्यापको ने यू.जी.सी. नोटिफाईड जर्नल में अपने विषय से सम्बंधित लेखो का प्रकाशन सुनिश्चित किया ।
10- विज्ञानं संकाय के प्राध्यापको द्वारा शैक्षणिक भ्रमण संभव नहीं हो पाया जिसे अगले सत्र में सुनिश्चित किया जाएगा ।
11- प्रोजेक्ट और एसाइनमेंट के अंतर्गत पर्यावरण एवं मानवाधिकार से सम्बंधित टॉपिक छात्र-छात्राओं को आवंटित किये गए ।
12- पौधों की सिचाई हेतु नयी मोटर लगाई गई एवं पुरानी मोटर की रिपेयरिंग करवाकर सिचाई सुविधा का उन्नयन किया गया ।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

Pallavi Singh

Scanned by CamScanner